हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार, 28 मार्च 2024

तापमान

अधिकतम 36 .5 डिग्री

न्यूनतम 19 .6 डिग्री

12 महिला चौपाल में वोट के महत्व के बारे में दी जानकारी




12 स्कूलों के प्रतिनिधियों ने राज्यमंत्री का किया अभिनंदन



## खबर संक्षेप

### इसराना पुलिस ने शराब तस्कर को पकड़ा

**इसराना।** थाना इसराना पुलिस ने गांव बुआना लाखु में पुठर मोड़ पर आई-10 कार में अवैध रूप से शराब बेच रहे तस्कर को गिरफ्तार किया। कार से 36 बोतल अवैध देसी व अंग्रेजी शराब बरामद हुई। आरोपी की पहचान सुखबीर निवासी बुआना लाखु के रूप में हुई।

### पुलिस ने अवैध शराब बेचते आरोपी को दबोचा

**पानीपत।** थाना चांदनी बाग पुलिस ने बबैल रोड पर बलजीत नगर के सामने दुकान में अवैध शराब बेच रहे तस्कर को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से 13 बोतल अवैध देसी शराब बरामद हुई। आरोपी की पहचान कर्ण निवासी रानी महल के रूप में हुई।

### गोली लगने से घायल टीचर की दिल्ली में मौत

**पानीपत।** समालखा की पंचवटी कालोनी में गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हुए जेबीटी टीचर वीरेंद्र की दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। वीरेंद्र को उसे भतीजे रिंकू ने होली वाले दिन गोली मार कर घायल कर दिया था। गोली वीरेंद्र के पेट में लगी थी। वहीं करीब 40 घंटें जिंदगी के लिए संघर्ष करने वाला वीरेंद्र काल का ग्रास बन गया, मंगलवार की देर रात वीरेंद्र की उपचार के दौरान सर गंगाराम अस्पताल में मौत हो गई।

### इंपाउंड कैंटर को लेकर फरार हुआ चालक

**अंबाला।** बिना दस्तावेजों के घुसे एक कैंटर को आरटीओ ने इंपाउंड कर दिया। जब आरटीओ ऑफिस का कर्मचारी कैंटर को कब्जे में लेकर पार्किंग में लगाने के लिए जाने लगा तो चालक ने उसे चलती गाड़ी से धक्का दे दिया। इसके बाद वह कैंटर लेकर फरार हो गया। कैंटर से नीचे गिरने पर कर्मचारी को कई जगह चोटें आई हैं। पुलिस ने सरकारी काम में बाधा पहुंचाने और हत्या का प्रयास समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत

**यमुनानगर।** मुस्तफाबाद-रादौर मार्ग पर रादौरी के नजदीक कार की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौत हो गई और दूसरा युवक घायल हो गया। गांव नगला साधान निवासी कुलदीप सिंह ने बताया कि उसके चाचा का लड़का विजय कुमार (26) व पवन कुमार बाइक पर रादौर जा रहे थे। गांव रादौरी के राजकीय स्कूल के पास कार ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से विजय कुमार व पवन कुमार गंभीर रुप से घायल हो गए। परिजन दोनों घायलों को निजी अस्पताल में भरती करवा दिया। उपचार के दौरान विजय की मौत हो गई। जबकि पवन कुमार का अस्पताल में उपचार चल रहा है।

# नवजात की मौत से नाराज परिजनों का पानीपत सिविल अस्पताल में हंगामा

## वैंटिलेटर नहीं मिलने से हुई नवजात की मौत, जांच के लिए एसआईटी गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत सिविल अस्पताल में पीडित परिजनों को समझाते हुए पुलिस अधिकारी।

■ परिजनों ने बच्चे की मौत के लिए स्वास्थ्य विभाग को जिम्मेदार ठहराया

पानीपत के सिविल अस्पताल स्थित एसएनसीयू वार्ड में नवजात की मौत हो गई। एसएनसीयू वार्ड में वैंटिलेटर नहीं मिलने के कारण यह घटना हुई। वहीं वार्ड में एक ही वैंटिलेटर है और वह भी खराब पड़ा है। जबकि वार्ड में भर्ती होने वाले नवजातों को वैंटिलेटर की सख्त जरूरत होती है। डॉक्टरों के पास नवजातों को यहां से हायर हेल्थ सेंटर में बच्चों को रेफर करने का विकल्प है, लेकिन आला अधिकारियों ने डॉक्टरों से नवजातों को रेफर करने से इनकार कर दिया है। इसलिए समय पर इलाज न मिलने से नवजात दम तोड़ रहे हैं। पिछले एक सप्ताह में चार नवजातों की ऐसे मौत हो चुकी है। वही, मृत बच्चे के परिजनों ने सिविल सर्जन कार्यालय में जमकर हंगामा किया और बच्चे की मौत के लिए स्वास्थ्य विभाग को जिम्मेदार ठहराया। परिजनों ने सिविल सर्जन, डिप्टी सिविल सर्जन व डॉक्टरों पर लापरवाही के आरोप लगाए। इधर, हालात बिगडते देख सीएमओ डॉ जयंत आहूजा को अस्पताल में पुलिस बुलानी पडी। परिजनों का आरोप है कि बच्चे को वैंटिलेटर की सख्त जरूरत थी। डॉक्टरों ने बच्चे को दो घंटे तक तो रेफर नहीं किया। जब रेफर किया तो एक घंटे तक उन्हें बच्चा नहीं दिया गया। इसी दौरान उसकी मौत हो गई। अब डीएसपी सिटी ने परिजनों को इस मामले में एसआईटी गठित करने का आश्वासन दिया है। नवजात के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए खानपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, वहां बच्चे के शव का फोरेंसिक एक्सपर्ट डॉक्टर से पोस्टमार्टम करवा कर उसकी मौत के सही कारणों का पता करवाया जाएगा।

### यह है मामला

पानीपत की हरि सिंह कॉलोनी निवासी कुलदीप ने बताया कि सोमवार रात को उसकी पत्नी प्रिया ने निजी अस्पताल में बच्चे को जन्म दिया था। बच्चे को सांस लेने में दिक्कत थी। इसलिए वो उसे सिविल अस्पताल में लेकर आए थे। यहां पर वैंटिलेटर खराब मिला। बच्चे की तबीयत अधिक बिगड़ गई। वे मंगलवार सुबह डॉक्टरों से बच्चे को रेफर करने की गुहार लगाते रहे लेकिन डॉक्टर का कहना था कि सिविल सर्जन ने रेफर करने से इनकार किया है। वो बच्चे को रेफर कराने के लिए चक्कर काटते रहे। दो घंटे तक मिन्नतें करने के बाद डॉक्टर ने बच्चे को हायर हेल्थ सेंटर में रेफर किया लेकिन एक घंटे तक भी उन्हें बच्चा नहीं दिया गया। इस दौरान बच्चे की मौत हो गई। कुलदीप व प्रिया का आरोप है कि डॉक्टरों की लापरवाही से बच्चे की मौत हुई है।

### बच्चे की मौत की जांच की जा रही है: डॉ आहूजा

सिविल सर्जन डॉ. जयंत आहूजा ने कहा कि इलाज में लापरवाही का आरोप सही नहीं है। एसएनसीयू वार्ड में होने वाली हर मृत्यू का कारण जानने के लिए जांच होती है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बच्चे की मौत के कारण स्पष्ट होंगे। जो भी जांच में दोषी होगा उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



# गेहूं की सरकारी खरीद एक अप्रैल से होगी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

■ तरावड़ी अनाज मंडी मंडी में मसभी प्रकार की तैयारी पूरी

गेहूं की सरकारी खरीद एक अप्रैल से शुरू होने जा रही है। गेहूं के सीजन को देखते तरावड़ी अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन ने एक बैठक बुलाई। जिसमें मंडी के आढ़तियों ने भाग लिया। इस बारे में गेहूं के सीजन की चर्चा करते हुए मंडी प्रधान शीशपाल गुप्ता ने आढ़तियों को बताया कि आगामी गेहूं के सीजन को देखते हुए मंडी में सभी प्रकार की तैयारी पूरी हो चुकी हैं। मंडी के शौचालय, वाटर कूलर, टंकियों की सफाई, मंडी की सडक़ों की रिपेयरिंग, मंडी के फर्शी कांटों की रिपेयर करवा दी गई है। इसके अलावा मंडी में लाइट की कोई समस्या ना हो उसके लिए मार्केट कमेटी सचिव ने लाइटों की पूरी व्यवस्था कर दी है। अगर किसी आढ़ती भाई को किसी प्रकार की कोई समस्या होती है तो वह मिलकर अपनी समस्या का समाधान करवा सकते हैं। इसके अलावा तरावड़ी मंडी एसोसिएशन के प्रधान शीशपाल गुप्ता ने किसान भाइयों से भी अनुरोध किया कि वह मंडी में अपनी फसल को सुखाकर लाये ताकि सरकार खरीद करने में कोई आनाकानी ना करें और किसी किसान भाई को कोई दिक्कत हो किसान भाई फसल लाने से पहले गेट पास की जानकारी अवश्य लें ताकि मंडी गेट पर आने पर उनको कोई परेशानी ना हो। उन्होंने किसान भाइयों से भी अनुरोध किया कि वह उनको अगर कोई फसल बेचने में कोई परेशानी हो तो वह मंडी प्रधान से मिलकर उसे समस्या का हल करवा सकता है।

# धार्मिक श्रद्धा व बढ़ते पर्यटन की दृष्टि से बढ़ जाता है सरस्वती रिवर फ्रंट का महत्व : किरमच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर में सरस्वती नदी पर बनाए जा रहे रिवर फ्रंट।

■ सरस्वती रिवर फ्रंट सुंदरता में अपनी मिसाल क़ायम करेगा

हरियाणा सरस्वती धरोहर बोर्ड के डिप्टी चेयरमैन धूमनसिंह किरमच ने बताया कि हरियाणा सरस्वती बोर्ड सरस्वती नदी को धरा पर पुनर्जीवित करने के लिए पूरी तरह से कार्यरत है। इसी कड़ी के अंतर्गत यमुनानगर जिला में पंचकूला जगाधरी नेशनल हाईवे पर सरस्वती के ऊपर बन रहा सरस्वती रिवर फ्रंट मिल्क माजरा के गाँव के पास बन रहा है। ये रिवर फ्रंट जल्द ही तैयार हो जाएगा।

किरमच ने कहा कि यह सरस्वती रिवर फ्रंट सुंदरता में अपनी मिसाल क़ायम करेगा। अभी तक सरस्वती नदी इस क्षेत्र में बहती रही है। सरस्वती नदी के जल का उपयोग सही ढंग से करने को लेकर सरस्वती बोर्ड इस काम पर लगा है और इसी कड़ी में यह सरस्वती रिवर फ्रंट भी स्वच्छ जल के साथ-साथ बनाए जा रहे हैं। जिनमें यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, पिहोवा व कैथल में भी सरस्वती नदी के ऊपर बहुत ही सुंदर रिवर फ्रंट बनाए जा रहे हैं।

### पर्यटन का युग

किरमच ने बताया कि आज पर्यटन का युग है और इस पर्यटन के युग में भारत देश के साथ-साथ हरियाणा प्रान्त भी आगे बढ़ रहा है। अभी इस रिवर फ्रंट में जो यात्री नेशनल हाईवे से गुज़रेंगे उनके लिए यहां पर रुकने व खाने पीने की, बोटिंग की, बच्चों के लिए खेलने की, पार्क व अन्य इस तरह से गतिविधियां भी बढ़ाई जाएंगी।

# पानीपत में एक वेस्ट गोदाम में आग लगी

## दमकल की 8 गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

■ रंजिशन भाई पर ही आग लगाने का शक जताया

पानीपत की देवपुरी रोड स्थित एक वेस्ट के गोदाम में भयंकर आग लग गई। आग लगने की सूचना स्थानीय लोगों ने गोदाम मालिक को दी। सूचना मिलते ही गोदाम मालिक मौके पर पहुंचा। पहुंचने के दौरान उसने दमकल के नंबर पर कॉल कर दी। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया। करीब 3 घंटे में दमकल की 8 गाड़ियां मौके पर पहुंची। जिसके बाद आग पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया गया। हालांकि, आग पूरी तरह नहीं बुझी, लेकिन नियंत्रण में कर लिया गया है। वहीं गोदाम चार हजार वर्ग में है। इस भूमि पर वेस्ट का कार्य होता है। इस जमीन पर दो भाई बिट्टू सैनी और पप्पू सैनी निवासी रिसालू रोड, पानीपत का आपसी विवाद चल रहा है। दोनों भाई जमीन पर अपना-अपना हक बताते हैं।

हाल ही में बिट्टू के हक में कोर्ट ने फैसला भी दिया है। रंजिशन भाई पर ही आग लगाने का शक जताया गया है। वही, इस भूखंड पर 15 साल से वेस्ट का कारोबार किया जा रहा है। पिछले साल भी यहां आग लगी थी।



वेस्ट के गोदाम में लगी आग को काबू करते हुए दमकल कर्मी।

# टेक्सटाइल स्पिनिंग उद्योग के मजदूरों ने प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



टेक्सटाइल इंडस्ट्री में कार्य करने वाले स्पिनिंग उद्योग के मजदूर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हाली पार्क में इंडस्ट्रियल वर्कर यूनियन संबंधित सीटू के नेतृत्व में टेक्सटाइल इंडस्ट्री में कार्य करने वाले स्पिनिंग उद्योग के मजदूरों ने हरियाणा सरकार द्वारा तय न्यूनतम वेतन उद्योगों में लागू करवाने की मांग को लेकर सभा आयोजित की गई। सभा की अध्यक्षता यूनियन के कोषाध्यक्ष नवीन सपड़ा ने की। संचालन यूनियन के महासचिव जय भगवान ने किया। सीटू और राज्य सचिव व जिला प्रधान कामरेड सुनील दत्त ने कहा कि भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र व राज्य सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के चलते मजदूर वर्ग को भारी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। हरियाणा सरकार द्वारा तय न्यूनतम वेतन मजदूरों को नहीं दिया जाता। वहीं श्रमिकों ने अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया और कहा कि वे अपनी मांगों को पूरा कराने के लिए आंदोलन करेंगे। श्रमिकों ने आरोप लगाया कि पानीपत में श्रमिक कानून नहीं जंगल राज है। श्रम विभाग की इस मामले में चुप्पी साधे हुए है।

# कर्मचारियों को कंप्यूटर की जानकारी जरूरी : प्रो. सोमनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट वितरित करते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

■ सीनेट हॉल में तकनीकी कर्मचारियों को प्रशिक्षण परीक्षा पास करने के उपरांत सर्टिफिकेट वितरित किया गया

कुरुक्षेत्र विवि के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि वर्तमान समय में सभी कर्मचारियों को कंप्यूटर की जानकारी होना बहुत जरूरी है। कर्मचारियों को अपना कार्य बोझ न समझकर आनन्द के साथ करना चाहिए तथा काम के प्रति श्रद्धा भाव रखना चाहिए। वे बुधवार को सीनेट हॉल में केयू ट्रेनिंग, प्लानिंग और मॉनिटरिंग सेल द्वारा स्टोर कीपर, तकनीकी सहायक ग्रेड-1, सीनियर तकनीकी सहायक-2, तकनीकी सहायक ग्रेड-3, प्रयोगशाला सहायक आदि तकनीकी कर्मचारियों को प्रशिक्षण परीक्षा पास करने के उपरांत सर्टिफिकेट वितरित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि आईयूएमएस पोर्टल लागू होने से फीस, छात्रावास एवं परीक्षा संबंधी डाटा ऑनलाइन उपलब्ध है तथा आने वाले समय में ई-फाईलिंग सिस्टम द्वारा कार्य में पारदर्शिता, वैद्यता एवं समय के साथ खर्चे की भी बचत होगी। इसके साथ ही कुलपति प्रो. सोमनाथ ने आईयूएमएस के लिए कर्मचारियों के पूर्ण सहयोग की अपेक्षा की तथा स्टोर कीपर, तकनीकी सहायक ग्रेड-1, सीनियर तकनीकी सहायक-2, तकनीकी सहायक ग्रेड-3, प्रयोगशाला सहायक आदि तकनीकी कर्मचारियों को प्रशिक्षण परीक्षा पास करने के उपरांत सर्टिफिकेट भी प्रदान किए।

### सक्षम बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया

इस अवसर पर टीपीएमसी के नोडल ऑफिसर एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने मुख्यातिथि कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा व कोर्स को कोऑर्डिनेटर यूआईईटी के निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। यूआईईटी निदेशक एवं कोर्स कोऑर्डिनेटर प्रो. सुनील ढींगरा ने कहा कि गैर-शिक्षक कर्मचारियों में कार्य कुशलता को बढ़ाने के लिए इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाने चाहिए। केयू टीपीएमसी के नोडल ऑफिसर एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने मुख्यातिथि कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा व कोर्स कोऑर्डिनेटर प्रो. सुनील ढींगरा का धन्यवाद व्यक्त किया।

## खेती के दिए टिप्स

**प्रत्येक फसल पर जलवायु का अनुकूल और प्रतिकूल पड़ता है प्रभाव**

खालसा एक्सपोर्ट के एमडी को अग्रणी बीज उत्पादन के क्षेत्र में मिला सम्मान

# वैज्ञानिकों को भांपना है, मौसम परिवर्तन के साथ कैसे बदलता है धरती का स्वभाव : डॉ. महापात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



खालसा एक्सपोर्ट के एमडी को सम्मानित करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. त्रिलोचन महापात्र ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के चलते फसलों ओर तमाम तरह की खेती को बचाने के लिए किसान और वैज्ञानिकों के सामने कड़ी चुनौतियां है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि चुनौतियों के चलते किसान और वैज्ञानिकों को निरंतर आगे बढ़ते हुए जलवायु परिवर्तन के अनुरूप हर प्रकार की खेती को सुरक्षित बचाने के लिए हमें हर संभव प्रयास जारी रखना है। उन्होंने कहा कि प्रकृति के मुताबिक जलवायु परितर्वन होना स्वभाविक है, लेकिन कई बार बे-मौसम हालात बिगड़ने के कारण फसलों पर मार पड़ जाती है।

ऐसे हालात से बचने के लिए उन्होंने वैज्ञानिकों और किसानों को बिंदुवार अलग-अलग फसलों और खेती के संदर्भ में विस्तार से टिप्स दिए। डा. त्रिलोचन महापात्र आज भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान करनाल में आयोजित 5वीं इंटरनैशनल सामूहिक सभा में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। सामूहिक सभा निरन्तर तीन दिन तक चलेगी। इस सभा में तीनों दिन अलग-अलग विषयों पर कार्यशालाओं का आयोजन होगा।

### हर मौसम में धरती अपना बदलती है स्वभाव

उन्होंने कहा कि हर मौसम में धरती अपना स्वभाव बदलती है। इस स्वभाव के अनुरूप ही किसान को खेत पर उसकी मेहनत का फल मिलता है। किसानों को चाहिए कि वैज्ञानिको के परामर्श के मुताबिक खेती करें और प्रत्येक मौसम में वैज्ञानिकों के परामर्श को खेत में अपनाएं। सरकार हर लिहाज से खेती को बढ़ावा देने के लिए निरन्तर नए-नए प्रयास कर रही है। इन प्रयासों का लाभ लेने के लिए किसानों को भी पूरी तत्परता के साथ आगे आना चाहिए। वहीं डा. महापात्र ने कहा कि नई-नई किस्मों का बीज किसानों तक पहुंचाने के लिए छोटे और मध्यम बीज उत्पादकों का भी काफी योगदान रहता है इसके लिए उन्होंने उनके इस योगदान की भी प्रशंसा की। इस मौके पर डा. महापात्र ने खालसा एक्सपोर्ट के एम.डी पलविन्द्र सिंह रम्बा को अग्रणी बीज उत्पादन के क्षेत्र में सम्मानित किया। इनके अलावा कई अन्य किसानों को भी इस अवसर पर सम्मानित किया गया। इस मौके पर बीशा इंस्टीच्यूट के चेयरमैन अरूण जोशी ने भी मंच से किसानों के साथ अपने अनुभव सांझा किए। इस अवसर पर आईआईडब्ल्यूबीआर के निदेशक डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि उनका संस्थान किसानों और बीज उत्पादकों के कल्याण के लिए दिन-रात मेहनत कर रहा है।

# मौसम में बढ़ते तापमान से गेहूं की फसल को लेकर किसान हुए चिंतित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

■ तापमान बढ़ने से गेहूं की पैदावार पर पड़ सकता है असर

मौसम में अचानक बढ़े तापमान से खेतों में पकने को तैयार खड़ी गेहूं पर असर दिखना शुरू हो गया है। किसानों की मानें तो यदि मौसम में तापमान अगले कुछ दिन तक इसी तरह बढ़ता रहा और तेज हवा चलती रही तो गेहूं की पैदावार कम होने की आशंका है और यह समय से पहले पक सकती है। जिसे लेकर किसान चिंतित हो उठे हैं। वहीं कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को बढ़ते तापमान और तेज हवा के चलते दिन के समय सिंचाई न करने की सलाह दी। उधर, बुधवार को जिले का अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

विभागीय आंकड़ो के मुताबिक इस वर्ष जिले में करीब 75 हजार हेक्टेयर भूमि पर गेहूं की बिजाई की गई है। इस समय खेतों में गेहूं की अगेती फसल पकने को तैयार खड़ी है, जबकि पछेती किस्म की गेहूं में बालियों में दाना पड़ने लग रहा है। ऐसे में यदि तापमान बढ़ता रहा तो गेहूं की बालियों में दाना पिचक कर पैदावार कम कर सकता है। कृषि विशेषज्ञों के मुताबिक फिलहाल गेहूं ज्यादा तापमान सहन करने लायक नहीं है। अगले कुछ दिनों तक गरमी यूं ही बढ़ी तो गेहूं का दाना पिचक जाएगा। गेहूं का दाना अगर पिचका तो निश्चित ही पैदावार कम होगी।



यमुनानगर क्षेत्र में खेतों में पकने को तैयार खड़ी गेहूं फसल।

### हवा चलने से फसल में नहीं हो रही सिंचाई

किसान बलबीर सिंह, जयपाल सिंह, भूप सिंह, रामनरेश, सतीश कुमार का कहना है कि मौसम में जहां तापमान बढ़ने लगा है, वहीं, हवा के झोंके भी चल रहे हैं। ऐसे में किसान अपनी गेहूं की फसल में अंतिम सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। क्योंकि ऐसे में फसल में पानी देना गेहूं की फसल को बर्बाद करने के समान है।

## खबर संक्षेप

### टीबी स्क्रीनिंग व स्वास्थ्य जांच शिविर 29 को

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त एवं जिला रेडक्रास सोसायटी चेयरमैन शांतनु शर्मा के निर्देशानुसार जिला रेडक्रास सोसायटी द्वारा 29 मार्च को टीबी स्क्रीनिंग कैंप और स्वास्थ्य जांच शिविर राजकीय प्राथमिक पाठशाला चनारथल में लगाया जाएगा। जिला सचिव डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि रेडक्रास तथा स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त सौजन्य से 29 मार्च को सुबह साढ़े 10 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक टीबी स्क्रीनिंग की जाएगी। स्वास्थ्य चेकअप के दौरान दवाइयां मुफ्त में उपलब्ध कराई जाएंगी।

### गुरु रविदास जन्मस्थान दर्शन को श्रद्धालु रवाना

**कुरुक्षेत्र।** बुधवार को इस्माइलाबाद से गुरु रविदास जी महाराज के जन्म अस्थान कांशी को रवाना बस का पिपली पहुंचने पर वीरेंद्र रॉय, जसबीर , बीर सिंह आदि ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर यात्रा के संचालक धर्मपाल भोला और निर्मल सुढपुर ने बताया की वह 8 वर्षों से निरंतर कांशी बनारस के लिए यात्रा लेकर जा रहे हैं। उन्होंने बताया की कांशी के अलावा मई महीने में पंजाब में स्तिथ गुरु रविदास जी के पवित्र स्थानों के दर्शनों के लिए यात्रा लेकर जाते हैं।

### स्वयसंवकों को लोकतंत्र का महत्व बताया

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में चल रहे एनएसएस सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन की शुरूआत में स्वयंसेवकों के साथ शिविर की थीम लोकतंत्र का महापर्व एवं युवा सहभागिता विषय पर चर्चा की गई। उसके उपरांत अगले सत्र में स्वयं सेवकों को अपने परिचय के साथ साथ अपने विचारों को प्रकट किया। स्वयंसेवक चंद्रपाल ने एनएसएस के चिन्ह के बारे में विस्तार से बताया कि एनएसएस चिन्ह में तीन रंग होते है और एनएसएस चिन्ह के पहिए में आठ तीलियां दिन के 24 घंटों तथा आठ पहरो का प्रतिनिधित्व करती हैं।

# बीते दस वर्षों में केंद्र व प्रदेश सरकार में हुए रिकॉर्ड तोड़ विकास कार्यः महेंद्र कैमला

- घरौंडा विधानसभा के भाजपा बरसत मण्डल के कालरों गांव के शक्ति केंद्र पर सभी बुथ त्रिदेव, बुथ समिति की जनसभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता शक्ति केंद्र प्रमुख सन्दीप लोहट ने की
- कार्यक्रम में मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरौंडा

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक समिति के चेयरमैन प्रतिनिधि महेंद्र कैमला, विधानसभा विस्तारक सोनू कौशिक, बरसत मण्डल अध्यक्ष नरेश कुमार, महामंत्री देवेंद्र शर्मा, शक्ति केंद्र प्रमुख संदीप लोहट, वीरेंद्र राणा,पूर्व पंच मेमपाल राणा,तेजबीर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

विधानसभा विस्तारक सोनू कौशिक ने सभी बूथों पर त्रिदेव व पंच परमेश्वर बनना सुनिश्चित किया जिस बूथ पर ये नही बने उस पर तुरंत बनाये गये जिस बूथ पर सक्रिय कार्यकर्ता नहीं थे उनको भी बदलने का काम किया गया।सभी बूथ त्रिदेव व बूथ समिति कोआने वाले लोकसभा चुनाव से पहले की तैयारियों के बारे में जानकारी दी। ब्लॉक समिति चेयरमैन महेंद्र कैमला नेअपने सम्बोधन में कहा की हरियाणा में भी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व की सरकार जनता के हितों के लिए लगातार काम कर रही है। और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कामों को आगे बढ़ा रही हैं।

इन दस वर्षों में भ्रष्टाचार, जाति और अपराध को जड़ से उखाड़ने में सफल रही।हरियाणा सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, स्वाभिमान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया गया है ताकि हरियाणा का समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सके। मण्डल अध्यक्ष नरेश कुमार ने बताया कि आज सभी कल्याणकारी योजनाओं को पीपीपी से जोड़ा जा रहा है।पीपीपी के माध्यम से जैसे ही कोई व्यक्ति पेंशन की आयु प्राप्त कर लेता है, तो पेंशन स्वचालित रूप से शुरू हो जाती है। इसके अलावा पीले राशन कार्ड बनाने का कार्य भी पीपीपी के माध्यम से किया जा रहा है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को 31 मार्च को घरौंडा में कार्यकर्ता सम्मेलन में आने का न्योता दिया। शक्ति केंद्र प्रमुख सन्दीप लोहट ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा 42 विभागों की 572 सेवाओं और योजनाओं को अंत्योदय सरल पोर्टल पर ऑनलाइन उपलब्ध कराया गया है। इस कदम से न केवल सरकारी लाभ प्रदान करने में मानवीय हस्तक्षेप कम हुआ है बल्कि यह भी सुनिश्चित हुआ है कि लाभ जमीनी स्तर तक पहुंचे। महामंत्री देवेंद्र शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार आगे बढ़ रहा है और उनकी नीतियों की बदौलत आज भारत विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था है। उन्होंने कहा कि तीसरी बार केंद्र में सरकार बनने पर उनके नेतृत्व में भारत जल्द ही तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरेगा। इस मौके पर बरसत मण्डल महामंत्री देवेंद्र शर्मा,शक्ति केंद्र प्रमुख सन्दीप लोहट,डॉ चमन लाल, ब्लॉक समिति प्रतिनिधि अशोक राणा, वीरेंद्र राणा, तेजबीर सिंह, माम चन्द, रामदिया कश्यप, सुरेश प्रजापत, रामचन्द्र, राजेश, सुमन देवी, बालेश देवी, कविता ओमप्रकाश, रामेश्वर, मांगे राम,महेश व अन्य साथी मोजूद रहे।

## राज्यमंत्री ने करनाल पहुंचकर नवविवाहित जोड़े को दिया आशीर्वाद

# भाजपा ने सबसे ज्यादा वाल्मीकि समाज को राजनीतिक सम्मान दिया : विशंबर

- वाल्मीकि समाज जितना राजनैतिक हक भाजपा ने किसी ने आजतक नहीं दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

राज्य मंत्री बिशंबर वाल्मीकि ने कहा है कि प्रदेश के साढ़े छह दशक के काल में भाजपा ने सबसे ज्यादा वाल्मीकि समाज को राजनीतिक प्रतिनिधित्व दिया हैं। उन्होंने कहा कि मंत्री पद उन्हें नहीं वाल्मीकि समाज को मिला हैं। वह करनाल में भगवान वाल्मीकि जन कल्याण संघ के संस्थापक प्रधान बनारसी दास जाणी के निवास स्थान पर नव विवाहित जोड़े को आशीर्वाद देने पहुंचे जहां उन्होंने नव विवाहित जोड़े (संजय अंजू) को को दिया आशीर्वाद और उनके जीवन की मंगल कामना की वहां उपस्थित लोगों से भी बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और नवनियुक्त मुख्यमंत्री नायब सैनी का मंत्रिमंडल में स्थान देने पर आभार जताते हुए कहा की बीजेपी सरकार ने वाल्मीकि समाज को हमेशा से ही सरकार में उचित स्थान दिया है। अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति पर भी सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया है उन्होंने कहा कि गरीब, किसान, मजदूर की भलाई के लिए चलाई जा रही योजनाओं के लिए धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। हमारी सरकार जनता की सरकार है। गांव, गरीब और किसानों की सरकार है। सरकार चलाने का अर्थ है जनता की सेवा करना और उनके दुख दर्द को दूर करके समस्याओं का समाधान करना है। हमारी सरकार जनता की सरकार है और जनता का मान-सम्मान बढ़ाने के लिए काम कर रही है। विशंबर वाल्मीकि ने कहा कि जनता के मान-सम्मान को कोई ठेस पहुंचाएं, यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अमरनाथ सौदा के साथ साथ संजय मॉडल टाउन राकेश डाकवाला संदीप संजीव जलमाना राजबीर शेखपुरा, सेवा निवृत्त मुख्य डाकपाल राम किशन ढ़ाकवाला, रोहतास पहलवान, राजेन्द्र खेडा, नरेश अमृतपुर, सोमदत बागडी, सुंदर बेगमपुर, संजय सौदा, अमित सामरा, प्रिंसिपल बनारसी दास, आदि मौजूद रहे।



**करनाल।** नव विवाहित जोड़े को आशीर्वाद देते हुए राज्य मंत्री बिशंबर वाल्मीकि। फोटो : हरिभूमि



**करनाल।** एसडीएम अनुभव मेहता विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

# लोकसभा व करनाल विधानसभा उपचुनाव को लेकर की बैठक

- चुनावों के दौरान एसडीएम ने आचार के पालन की दी नसीहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 21- करनाल और उपचुनाव विधानसभा करनाल को लेकर एसडीएम अनुभव मेहता ने बुधवार को लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में एसडीएम ने कहा कि इस बार का लोकसभा चुनाव करनाल के मतदाताओं के लिए पिछली बार से अलग तरह का चुनाव है। इस चुनाव में निर्वाचन आयोग द्वारा दो वोटिंग मशीनों की व्यवस्था की जाएगी तथा मतदाताओं को भी दो बार वोट डालने का मौका मिलेगा। एक वोटिंग मशीन में लोकसभा तथा दूसरी वोटिंग मशीन में विधानसभा करनाल के उपचुनाव के लिए मतदान किया जा सकेगा। ऐसी व्यवस्था केवल करनाल विधानसभा के पोलिंग बूथों पर रहेगी। उन्होंने राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से अपील की कि वे इस बारे ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करें। प्रशासन भी इस संबंध में मतदाताओं का ज्ञानवर्धन करेगा। उन्होंने मौके पर उपस्थित सभी से कहा कि वे लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 21- करनाल और उपचुनाव विधानसभा करनाल को ध्यान में रखते हुए आदर्श आचार संहिता का पालन करें और निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव करवाने में प्रशासन का सहयोग करें। इस मौके पर जेजेपी से राकेश संधु, बीजेपी से राजबीर शर्मा तथा कांग्रेस से जोगिंद्र सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# सोशल मीडिया पर रहेगी पैनी नजर

- राज्य स्तर व जिला स्तर पर किया गया है टीम का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव व करनाल विधानसभा उप चुनाव के दौरान सभी राजनीतिक दल सोशल मीडिया का इस्तेमाल सावधानीपूर्वक करें। इस दौरान फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स हैंडल आदि पर किसी भी तरह की विवादित चुनाव प्रचार सामग्री पोस्ट न करें। पूरी चुनाव प्रक्रिया के समय जिला निर्वाचन कार्यालय की सोशल मीडिया पर पैनी नजर रहेगी। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि भारत चुनाव आयोग ने इस बार के लोकसभा चुनाव 2024 में सोशल मीडिया की बढ़ती उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए जिला से लेकर प्रदेश स्तर पर इसकी मॉनिटरिंग के लिए राज्य स्तरीय व जिला टीम गठित की है। टीम न केवल जारी सूचना की जांच करेगी, बल्कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होने पर कार्रवाई करेगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर किसी तरह का अनर्गल पोस्ट करने से बचें।

### भ्रामक खबरों पर भी रखी जा रही है कड़ी नजर



जानकारी देते हुए डी.सी उत्तम सिंह।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग व जिला प्रशासन द्वारा सोशल मीडिया के जरिए आने वाली भ्रामक खबरों पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है। इसके दायरे में यूट्यूब चैनल के माध्यम से आने वाली खबरें भी आएंगी। इसके लिए आयोग ने एक्सपर्ट टीम तैयार की है जिसमें आईटी से जुड़े लोग, मीडिया क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधि और विभागीय अधिकारी शामिल हैं। विभिन्न समाचार चैनल और अखबारों में आने वाली खबरें भी इसके दायरे में हैं। हर दिन जिला स्तर पर चैनल और अखबारों में प्रकाशित खबरों की समीक्षा राज्य स्तर पर गठित टीम द्वारा की जाएगी। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का कोई मामला जिला प्रशासन की नजर में आएगा तो शोकॉज के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि आईटी अधिनियम की धारा 69 और 79 (3) के तहत अधिकारियों को फर्जी सोशल मीडिया पोस्ट को हटाने का अधिकार भारत चुनाव आयोग को है।

# भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के द्वारा की बैठक

- बैठक में दी आगामी कार्यक्रमों की जानकारी, 28 मार्च को अनमोल गार्डन मे कार्यकर्ता बैठक में रहेंगे प्रदेश के मुख्यमंत्री मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

देशभर में लोकसभा चुनाव 2024 का बिगुल बज चुका है और सभी पार्टियां अपनी अपनी तैयारियों मे जुटी हैं। भाजपा ने भी इन चुनावों को लेकर कमर कस ली है। इस विषय को लेकर एवं आगामी कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान करने हेतु भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने वीडियो कॉन्फ्रेंस करके जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल की मौजूदगी में कार्यकर्ताओं की बैठक ली। इस मौके पर उन्होंने कार्यकर्ताओं को जानकारी देते हुए बताया कि करनाल विधानसभा की कार्यकर्ता बैठक 28 मार्च को सांय 5 बजे अनमोल गार्डन रांवर रोड करनाल में आयोजित होने जा रही है। विधानसभाओं की इन बैठकों में सभी बूथों के बूथ पालक, बूथ अध्यक्ष,बूथ सचिव, बूथ महिला प्रमुख, बूथ एस.सी. प्रमुख, बूथ ओ.बी.सी. प्रमुख, बूथ बी.एल.ए-2, विधानसभा चुनाव संचालन समिति, जिला पदाधिकारी,जिला कार्यकारिणी,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, शक्ति केन्द्र प्रमुख, सह-शक्ति केंद्र प्रमुख, पालक, निवर्तमान पदाधिकारी,नगर निगम पार्षद,पूर्व पार्षद,करनाल विधानसभा में रहने वाले सभी दायित्ववान कार्यकर्ता,करनाल विधानसभा के 6 गांवो के सरपंच एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।



**करनाल।** भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए कार्यकर्ताओं से बातचीत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### बैठक के माध्यम से पार्टी के कार्यक्रमों की जानकारी दी

इस बैठक में मुख्यमंत्री नायब सैनी व करनाल लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल का कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन मिलेगा। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि चुनावों को लेकर जिला की सभी पांचो विधानसभाओं मे विधानसभा स्तर पर बैठकों का आयोजन किया जा रहा है । बैठकों बारे विस्तृत जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि करनाल विधानसभा की बैठक 28 मार्च को सांय 5 बजे रावर रोड स्थित अनमोल गार्डन में होगी और 29 मार्च को इंद्री विधानसभा की बैठक दीवान पैलेस में सुबह 10 बजे, नीलोखेड़ी विधानसभा की बैठक भी 29 मार्च को एसडीएमएन स्कूल नीलोखेड़ी में दोपहर 2 बजे, असंध विधानसभा में होने वाली कार्यकर्ता बैठक 31 मार्च को सुबह 10:00 बजे सनातन धर्म धर्मशाला में होगी और 31 मार्च को ही दोपहर 2 बजे घरौंडा विधानसभा की बैठक होगी।

## गौरव खुराना बने करनाल प्रोपर्टी डीलर एसोसिएशन के प्रधान

- करनाल प्रोपर्टी डीलर एसोसिएशन की कार्यकारिणी का चुनाव हुआ

**करनाल।** करनाल प्रोपर्टी डीलर एसोसिएशन की वर्ष 2024-2026 की कार्यकारिणी का चुनाव हुआ, जिसमें सर्वसम्मति से गौरव खुराना को प्रधान, विजय बतरा को उपप्रधान, नितिन लखनपाल को महासचिव, कपिल खट्टर को संयुक्त सचिव और राजीव त्रिखा को कोषाध्यक्ष चुना गया। नवनियुक्त प्रधान गौरव खुराना ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए बताया कि एसोसिएशन में मोहन लाल को संरक्षक, किरण कुमार को चेयरमैन, लोकेश मुंजाल को आईपीपी बनाया। उन्होंने बताया कि सलाहकार समिति में शैलेंद्र कत्याल, ललित बंसल, हरनारायण आनंद, राकेश छाबड़ा व दिलीप मोंगा को शामिल किया गया है। कार्यकारिणी के सदस्यों में विनोद कुमार, सपन वरदानी, संदीप कुमार, संजीव वशिष्ठ और सत्यपाल बतरा के नाम शामिल हैं, जबकि राजेश डुडेजा को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। एसोसिएशन के पूर्व चेयरमैन शैलेंद्र कत्याल ने बताया कि एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने गौरव खुराना को प्रधान चुना है और उनसे पूरी उम्मीद है कि वह एसोसिएशन के कार्यों व एसोसिएशन के नाम को समाज में ऊंचाइयों पर लेकर जाएंगे।

# तरुण एंटी करप्शन इंडिया के अंतरराष्ट्रीय निदेशक नियुक्त

- नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने सौंपा नियुक्ति पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल



**करनाल।** नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा एंव राष्ट्रीय मुख्य निदेशक महिला प्रकोष्ठ सुनीता गुप्ता तरुण कपूर को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने अंतर्राष्ट्रीय टीम का विस्तार करते हुए देश के विख्यात फैशन आइकॉन तरुण कपूर को अंतर्राष्ट्रीय मुख्य निदेशक नियुक्त किया। नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा एंव राष्ट्रीय मुख्य निदेशक महिला प्रकोष्ठ सुनीता गुप्ता ने तरुण कपूर को नियुक्ति पत्र सौंपकर पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा की तरुण कपूर फैशन इंडस्ट्रीज के विख्यात आइकॉन है जिन्होंने सिनेमा की बड़ी अभिनेत्रियों के साथ कार्य किया है।

इस अवसर पर तरुण कपूर ने कहा कि वह अपने पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य करेंगे और ज्यादा से ज्यादा लोगो को संगठन के उद्देश्यों के साथ जोड़ेंगे। इस अवसर पर नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया सम्पूर्ण भारतवर्ष के सभी राज्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य कर रहा है। संगठन का प्रमुख उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगो को भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए जागरूक करना है।

उन्होंने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के मुख्य कार्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए शिक्षण संस्थानों व अन्य स्थानों पर सेमिनारों का आयोजन करना, हस्ताक्षर अभियान व शपथ ग्रहण अभियान चलाना, एंटी करप्शन से संबंधित प्रतियोगिताओं का आयोजन करना, अवाम में कानून का पालन करने का प्रचार प्रसार करना, पुलिस व प्रशासन विभाग के कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों को सम्मानित कर सच्चाई व ईमानदारी का प्रचार प्रसार करना आदि हैं। फाउंडेशन द्वारा समाजसेवा के प्रकल्पों के अंतर्गत जरुरतमंद विद्यार्थियों एंव लोगो की सहायता, गरीब कन्याओं की शादी में मदद करवाना आदि शामिल हैं।

### कैडेट्स को अग्निशामक यंत्र के बारे दी जानकारी

**शाहबाद।** मारकंडा नेशनल कॉलेज की एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय शिविर के छठे दिन सुबह के सत्र के मुख्य वक्ता कैप्टन गुरमेल सिंह सैनी रहे। उन्होंने फायर एंड सेफ्टी से संबधित अपने विचार स्वंयसेवको के साथ सांझा किया। उन्होंने आग के प्रकार व सावधानियां बताई। उन्होंने अग्निशामक यंत्र के उपयोग व उसका अभ्यास करवाया। स्वंयसेवकों ने इस यंत्र का प्रयोग सीखा तथा समझाया कि यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है।

### बदलते मौसम में बीमारी से बचने के लिए खूब पानी पीएं : डा. नेत्रपाल



**करनाल।** रोगों से बचना है तो बाहर के खाने से परहेज रखें खूब पानी पीएं। यह सलाह जाने माने मैडीसन स्पेशलिस्ट डा. नेत्रपाल ने कही। उन्होंने कहा कि प्रति दिन खुराक के साथ तरल पदार्थ के साथ पानी की मात्रा बढ़ाएं। उन्होंने बताया कि गर्मियों में लोगों को संक्रमण अधिक होता हैं। उन्होंने कहा कि सब्जियों और फलों को खाने से पहले कम कम आधा घंटे नमक के पानी में डाल कर रखना चाहिए। वह आज खास बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मौसम बदलने के साथ ही उल्टी, दस्त, पैचिस पेट की बीमारी डायरिया, टायफाइड पीलिया, हेजा जैसी बीमारियां बढ़ रही है। इनसे बचने के लिए खान पान पर नियंत्रण रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि बाहर के खान पान से बचना चाहिए। एक सवाल के जबाब में उन्होंने बताया कि शुगर बीपी और दमे के रोगी संक्रमण से बचें। उन्होंने बताया कि पहनावे में भी हाई जेनिक रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि गर्मी का मौम सैर करने के लिए सबसे अधिक अनुकुल रहता हैं। तडक़े सैर करें।

## प्रिंटिंग प्रैस संचालकों को भी प्रकाशन सामग्री का देना होगा ब्यौरा : डी.सी

# एमसीएमसी कमेटी की अनुमति से ही विज्ञापनों का प्रसारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

लोकसभा आम चुनाव व करनाल विधानसभा उप चुनाव की प्रक्रिया के दौरान केबल ऑपरेटर और सिनेमा हॉल संचालक एमसीएमसी कमेटी के प्रमाण पत्र के बगैर किसी भी विज्ञापन का प्रसारण नहीं कर सकते। बिना अनुमति के चुनावी विज्ञापन का प्रसारण करने पर केबल ऑपरेटर के खिलाफ कार्यवाही हो सकती है।

यह जानकारी उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशों की अनुपालना में जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) का गठन कर दिया गया है। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी मनोज कौशिक इस कमेटी के सदस्य सचिव हैं। जिला के सभी केबल ऑपरेटरों को डीआईपीआरओ के माध्यम से समय-समय पर दिए जाने वाले निर्देशों का पालन निर्धारित समय पर करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कमेटी केबल चैनलों की गहनता से मॉनिटरिंग करेगी और केबल पर चलने वाले प्रत्येक विज्ञापन पर कड़ी नजर रहेगी।

इसी प्रकार प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को भी अपने द्वारा प्रकाशित किए जाने वाले पंफलैट, पोस्टर, बैनर आदि का विवरण जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा करवाना होगा। उन्होंने कहा कि केबल ऑपरेटर व सिनेमा घर संचालक बिना कमेटी की अनुमति व प्रमाण पत्र के कोई भी विज्ञापन नहीं चला सकता है। अगर नियमों का उल्लंघन किया जाता है या केबल ऑपरेटर के खिलाफ कोई शिकायत आती है तो तुरंत उस केबल ऑपरेटर के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। कमेटी द्वारा विज्ञापन के लिए जारी किए जाने वाले प्रमाण पत्र पर संबंधित सक्षम अधिकारी की मोहर व हस्ताक्षर होंगे और साथ ही विज्ञापन की सीडी पर भी मोहर व हस्ताक्षर होंगे। केबल ऑपरेटर को विशेष ध्यान रखना है कि केवल मोहर व हस्ताक्षर वाली सीडी को ही विज्ञापन के तौर पर चलाना है। सभी केबल ऑपरेटरों को चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित नियमों सहित केबल टीवी नेटवर्क रेगुलेशन एक्ट की पालना सुनिश्चित करनी है। उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि विज्ञापन प्रसारण के लिए संबंधित उम्मीदवार को एनेक्सचर-ए में आवेदन करना होगा, जिस पर विचार करके एमसीएमसी कमेटी विज्ञापन प्रसारण के लिए एनेक्सचर बी फार्म में प्रमाण पत्र देगी। विज्ञापन प्रसारण का प्रमाण पत्र लेने के लिए आवेदनकर्ता को प्रसारित किए जाने वाले विज्ञापन की दो प्रतियां सीडी में देनी होंगी। साथ ही सीडी में दी गई प्रचार सामग्री की स्क्रिप्ट की दो प्रतियां भी आवेदन के साथ जमा करवानी होंगी। राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर पंजीकृत राजनैतिक पार्टी व उनके उम्मीदवारों को विज्ञापन प्रमाण पत्र के लिए प्रसारण के कम से कम तीन दिन पहले आवेदन करना होगा। विज्ञापन प्रमाण पत्र के लिए प्राप्त आवेदनों पर एमसीएमसी कमेटी तीन दिन के अंदर फैसला लेगी। उपायुक्त ने बताया कि अगर किसी विज्ञापन के प्रसारण पर कमेटी को आपत्ति है तो वह आवेदन को निरस्त कर सकती है या फिर विज्ञापन को दुरूस्त करने के लिए संबंधित उम्मीदवार को लिख सकती है। इसके लिए संबंधित पक्ष को 24 घंटे का समय दिया जाएगा और उसे विज्ञापन को दुरूस्त करके दोबारा आवेदन करना होगा।



## खबर संक्षेप

### भवन नक्शे पास नहीं होने से जनता परेशान

**समालखा।** भाजपा सरकार ने प्रदेश में पालिका सीमा से बाहर बनी सैंकडों अवैध कॉलोनियों को अपरूव कर वाह वाही तो बटोर ली लेकिन इन कालोनियों में भवनों के नक्शे स्वीकृत करने के लिए टाउन एन्ड कंट्री प्लानिंग विभाग के ऑन लाइन पोर्टल पर जरूरी प्रावधान करना सरकार भूल गई। नतीजन टाउन एन्ड कंट्री प्लानिंग विभाग की इस घोर लापरवाही का खामियाजा इन कालोनियों के निवासी अपने भवनों के नक्शे स्वीकृत नहीं करवा कर भुगत रहे हैं। आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर ने मुख्यमंत्री व महानिदेशक टाउन एन्ड कंट्री प्लानिंग विभाग को ईमेल भेज कर हरियाणा बिल्डिंग प्लान अप्रूवल सिस्टम के ऑन लाइन पोर्टल में तत्काल जरूरी प्रावधान करने की मांग की है।

### मानसिक तनाव को दूर करता है योग

**पानीपत।** पतंजलि योग समिति द्वारा चलाई जा रही पाइट संस्कृति स्कूल की योग कक्षा में लोगों का योग प्राणायाम करने से डिप्रेशन मानसिक तनाव अनिंद्रा जैसी बीमारियों से छुटकारा मिल रहा है। पतंजलि प्रभारी अशोक अरोड़ा ने बताया कि पाइट संस्कृति स्कूल की योग कक्षा एक अप्रैल से बी ब्लॉक पार्क अंसल में लगाई जाएगी। उन्होंने बताया कि अब लोगों को समझ आ गया है कि डॉक्टरों तथा दवाइयां के चक्कर से बचने के लिए योग कितना अनिवार्य है। नियमित योग करने वाला व्यक्ति उम्र भर तक स्वस्थ जीवन जी सकता है। उन्होंने बताया कि सभी व्यक्तियों को सुबह या शाम जैसे ही वक्त मिले योग प्राणायाम जरूर करने चाहिए।

### एसएचओ से मिले पांच गांवों के ग्रामीण

**इसराना।** गांव इसराना में हुए जीतेंद्र हत्याकांड के फरार आरोपियों दीपव व प्रदीप की गिरफ्तारी की मांग को लेकर गांव परढाना सरपंच संजीत, सरपंच एसोशिएशन जिला अध्यक्ष राजेश लाकडपाड व पांच गांवों के ग्रामीण थाना इसराना के एसएचओ से मिले। वहीं एसएचओ ने कहा कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। दोनों की तलाश की जा रही है।

### आपदा वीर बने चार नागरिक

**पानीपत।** रैडक्रास सचिव गौरव रामकरण ने बताया कि पानीपत रैडक्रास कार्यालय के कर्मचारी मनोज कुमार सहित प्राथमिक सहायता प्रवक्ता सोनिया शर्मा, रैडक्रास स्वंय सेवक प्रदीप व मोनू राणा आपदा वीर बने है। जिला प्रशिक्षण अधिकारी हरमेश चन्द ने बताया कि हरियाणा रैडक्रास के निदेर्शानुसार जिला रैडक्रास सोसाईटी पानीपत द्वारा जिले के स्कूलों, महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों में प्राथमिक सहायता एंव गृह परिचर्या का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

### टीबी स्क्रीनिंग व स्वास्थ्य जांच शिविर 29 को

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त एवं जिला रेडक्रास सोसायटी चेयरमैन शांतनु शर्मा के निदेर्शानुसार जिला रेडक्रास सोसायटी द्वारा 29 मार्च को टीबी स्क्रीनिंग कैंप और स्वास्थ्य जांच शिविर राजकीय प्राथमिक पाठशाला चनारथल में लगाया जाएगा। जिला सचिव डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि रेडक्रास तथा स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त सौजन्य से 29 मार्च को सुबह साढ़े 10 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक टीबी स्क्रीनिंग की जाएगी। स्वास्थ्य चेकअप के दौरान दवाइयां मुफ्त में उपलब्ध कराई जाएंगी।

### गुरु रविदास जन्मस्थान दर्शन को श्रद्धालु रवाना

**कुरुक्षेत्र।** बुधवार को इस्माइलाबाद से गुरु रविदास जी महाराज के जन्म अस्थान कांशी को रवाना बस का पिपली पहुंचने पर वीरेंद्र रॉय, जसबीर , बीर सिंह आदि ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर यात्रा के संचालक धर्मपाल भोला और निर्मल सुढपुर ने बताया की वह 8 वर्षो से निरंतर कांशी बनारस के लिए यात्रा लेकर जा रहे हैं। उन्होंने बताया की कांशी के अलावा मई महीने में पंजाब में स्तिथ गुरु रविदास जी के पवित्र स्थानों के दर्शनों के लिए यात्रा लेकर जाते हैं।

### पानीपत जिला में 187 शक्ति केंद्र बनाए गए

# हरियाणा में भाजपा की ऐतिहासिक जीत तय : हरविन्द्र कल्याण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक करते हुए भाजपा नेतागण। फोटो :हरिभूमि

भाजपा जिला कार्यालय जीटी रोड पानीपत में पानीपत जिला की सभी चारों विधानसभा क्षेत्रों इसराना, पानीपत ग्रामीण, समालखा, पानीपत शहरी के भाजपा पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करनाल लोकसभा क्षेत्र के चुनाव संयोजक एवं घरौंडा विधायक हरविन्द्र कल्याण ने की। जबकि भाजपा जिला प्रभारी उमेश शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट और पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने भी बैठक को संबोधित किया। वही, विधायक हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि करनाल लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल 29 मार्च शुक्रवार को पानीपत शहरी विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे, इसी क्रम में 30 मार्च को समालखा में पहले कार्यकर्ता सम्मेलन को, इसराना में दूसरे कार्यकर्ता सम्मेलन को और पानीपत ग्रामीण में तीसरे कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। कल्याण ने कहा कि हरियाणा में भाजपा की ऐतिहासिक जीत तयभाजपा के वरिष्ठ नेता गजेंद्र सलूजा को पानीपत ग्रामीण, वरिष्ठ भाजपा नेता लोकेश नांगरू को इसराना विधानसभा क्षेत्र, वरिष्ठ नेता मेघराज गुप्ता को समालखा विधानसभा क्षेत्र और वरिष्ठ नेता विनोद छोक्कर को पानीपत शहरी विधानसभा क्षेत्र का चुनाव प्रभारी बनाया गया है। इधर, भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि पानीपत जिला में कुल 870 मतदान केंद्र है और इन सभी मतदान केंद्रों पर भाजपा के बूथ अध्यक्ष और पन्ना प्रमुख कार्य कर रहे हैं वहीं पानीपत जिला में 187 शक्ति केंद्र बनाए गए हैं और इन शक्ति केंद्रों के अध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रों के मंडल अध्यक्षों को साथ लेकर इन मतदान केंद्रों का दौरा भी कर रहे हैं।

# गोल्ड मेडल विजेता शिवम सैनी का स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। गोल्ड मेडल विजेता शिवम सैनी का स्वागत करते हुए मेजबान।

33वीं सब-जूनियर नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता में हरियाणा की टीम ने फाइनल मुकाबले में 45-35 के अंतर से जीत दर्ज कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। वही, हरियाणा टीम के खेलने वाले सनराइज पब्लिक स्कूल सोंधापुर के छात्र शिवम सैनी पुत्र मुकेश सैनी ने बेहतर प्रदर्शन किया। गोल्ड जीत कर अपने गांव लौटे शिवम सैनी का सनराइज पब्लिक स्कूल सोंधापुर में पुष्प वर्षा के साथ जोरदार स्वागत किया गया। स्कूल प्रबंधक रोहतास टूर्ण, कमल भाटिया, स्कूल स्टाफ व कबड्डी कोच ओम प्रकाश रोड़ ने छात्र शिवम सैनी को आशीर्वाद देते हुए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर सभी स्कूल स्टाफ, पार्षद संजीव दहिया, सोदापुर के पूर्व सरपंच राजू धारा, बलवान सैनी, राजेंद्र सैनी, कुलदीप टूर्ण, रिंकू सैनी, शीला सैनी व ग्रामीण मौजूद रहे।

# घोखाघडी के दो आरोपियों को कैद

पानीपत। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संदीप चौहान की अदालत ने धोखाधडी के आरोपियों विशाल उर्फ विशु पुत्र प्रदीप छाबडा निवासी आरके पुरम, बुढा खेडा, जिला करनाल व दिनेश पुत्र युधिष्टर निवासी न्यू हाउसिंग बोर्ड कालोनी, हुडा सेक्टर 12, करनाल को दोषी करार देते हुए चार साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। वहीं सीजेएम चौहान की कोर्ट ने दोनों दोषियों पर 90-90 हजार रुपये का जुर्माना किया। जुर्माना नहीं देने पर दोषियों को चार साल के अतिरिक्त भी कारावास भोगना होगा। दोषियों पर 10 अप्रैल 2015 को पानीपत के तहसील कैंप क्षेत्र के नेहरू नगर स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा के प्रबंधक राजेंद्र भाटिया पुत्र गोपाल दास भाटिया, निवासी मॉडल टाउन पानीपत की शिकायत पर थाना सिटी पुलिस ने आईपीसी की धारा 419, 420, 467, 468, 471के तहत केस दर्ज किया था और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। अदालत ने दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था।

### सीईओ ने चुनाव तैयारियों का जायजा लिया

**पानीपत।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने बुधवार को प्रदेश के सभी उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बातचीत कर आवश्यक दिशानिर्देश दिए। वीडियो कांफ्रेंस के बाद उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि चुनाव आयोग की ओर से जो भी दिशानिर्देश प्राप्त होते हैं उनके फौरी तौर पर जवाब दिए जाएं। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि जिला चुनाव प्रबंधन योजना का विस्तृत ब्यौरा सभी एआरओ को उपलब्ध करवाया जाए। विभिन्न बूथों पर सेल्फी प्वाईंट भी स्थापित किए जाएं।

# नीदरलैंड की राजदूत ने किया पुस्तक का लोकार्पण

■ राम मोहन राय ने कहा कि प्रभु कृपा से उन्हें देश देशांतर में घूमने फिरने का अवसर मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। नीदरलैंड की राजदूत मारिसा ग्रेराइर्स राम मोहन राय की पुस्तक का विमोचन करते हुए। फोटो :हरिभूमि

पानीपत के वरिष्ठ एडवोकेट तथा सामाजिक कार्यकर्ता राम मोहन राय द्वारा अपनी नीदरलैंड की यात्रा पर लिखी पुस्तक का लोकार्पण वहां की राजदूत मारिसा ग्रेराइर्स द्वारा दिल्ली स्थित राजदूतावास में किया गया। इस अवसर पर अपने विचार प्रकट करते हुए राजदूत मारिया ग्रेराइर्स ने कहा कि राम मोहन राय और उनकी पत्नी कृष्णा कांता का यह प्रयास जनता के स्तर पर दोनों देशों के सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत बनाएगा। वहीं राम मोहन राय ने कहा कि प्रभु कृपा से उन्हें देश देशांतर में घूमने फिरने का अवसर मिला है। हर जगह अपने अपने ढंग से सुंदर है। वही, नीदरलैंड की यात्रा ने उन्हें अत्याधिक प्रभावित किया और प्रेरणा दी कि अपनी इस यात्रा पर कुछ लिखूं और इसी का परिणाम यह रहा कि अपनी 57 दिनों की उस यात्रा वृतांत के रूप में उनकी पुस्तक सुहाना सफर नीदरलैंड वजूद में आई। इस अवसर पर गांधी ग्लोबल फैमिली की मुख्य महासचिव वीणा भी उपस्थित रही।

# पात्रों की ऑन लाइन वोट बनाई जाएंगी

**पानीपत।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि 18वें लोकसभा आम चुनाव के दौरान मतदाताओं की सुविधा के लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अनेक ऑनलाइन मोबाइल एप शुरू किए हुए हैं जो मतदाताओं के साथ-साथ उम्मीदवारों के लिए भी काफी फायदेमंद हैं। इन एप्स का प्रयोग करके मतदाता व उम्मीदवार सरलतम तरीके से घर बैठे ही चुनाव से संबंधित नवीनतम जानकारियां ले सकते है तथा अपनी समस्याओं का समाधान पा सकते हैं। उन्होंने बताया कि 18 साल का कोई भी युवा या युवती अपना वोट बनवाना चाहता है तो वह वोटस ईसीआईइन पर ऑनलाइन आवेदन कर सकता है।

# किसान विरोधी है प्रदेश सरकार

■ न्यूनतन समर्थन मूल्य पर किसनो की फसलों को मंडी के अंदर नहीं खरीदा जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

अखिल भारतीय किसान सभा जिला कमेटी के नेतृत्व में किसानों की समस्याओं को लेकर और किसान सभा की सदस्यता अभियान के तहत गांव छाजपुर खुर्द के अंदर सभा आयोजित की गई। सभा की अध्यक्षता किसान सतपाल ने की। सभा को संबोधित करते हुए किसान सभा के जिला सचिव राजपाल और जिला उप प्रधान प्रीतम रावल ने कहा कि सरकार किसानों के खिलाफ काम कर रही है। किसान आंदोलन के दौरान किए गए वादों को पूरा न करके न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसनो की फसलों को मंडी के अंदर नहीं खरीदा जा रहा है। इस अवसर पर सतपाल को प्रधान, उप प्रधान धर्मवीर, सचिव प्रवीण, सह सचिव अजय कुमार, कोषाध्यक्ष राजेंद्र, प्रेस सचिव मुकेश कुमार आदि को चुना गया।

# हरियाणा राज्य खो-खो चैंपियनशिप बनी मनाना की टीमें

■ विजेता टीमों को मेडल ट्रॉफी मोमेंटो देकर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। हरियाणा राज्य खो-खो चैंपियनशिप के समापन पर विजेता टीम के साथ अतिथिगण। फोटो :हरिभूमि

कन्या स्कूल खेल मैदान गांव मनाना में 43वीं हरियाणा राज्य खो खो चैंपियनशिप का समापन हुआ। प्रतियोगिता में गांव मनाना के लड़के व लड़कियों की टीमों ने प्रथम स्थान हासिल किया। जबकि महिला वर्ग में जिला जींद द्वितीय तथा तृतीय स्थान कैथल और फतेहाबाद ने हासिल किया। वहीं पुरुष वर्ग में जिला जींद ने द्वितीय और कैथल ने तृतीय प्राप्त किया। विजेता टीमों को मेडल ट्रॉफी मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर हरियाणा खो-खो संघ के महासचिव बलवान सिंह, राज्य कोषाध्यक्ष सतपाल दलाल, मनीराम व जिला से खो खो सचिव मौजूद रहे। दिनेश, शशि, रविंद्र सिंह मानना, मुकेश मानना, काजल, महेंद्र सिंह, बलविंदर सिंह करनाल, राहुल करनाल, सतपाल सिंह हिसार, नवीन दादरी, विनोद मलिक सफीदों, प्रवीण सफीदों, जगदीश जींद, पानीपत जिला खो खो संघ के अध्यक्ष नवीन सैनी, रविंद्र कोच, मुकेश कुमारी, राकेश बूरा जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, हरिओम डीओसी, सुरेश वर्मा, अनिल, कविता, रितु, संजय, रमेश, अश्वनी सभी पीटीआई, विकास जेबीटी अध्यापक, दिलीप राठी, ईश्वर सिंह व नरेश राठी आदि उपस्थित रहे।

# इसराना क्षेत्र के ग्रामीण अंचल को समस्या मुक्त करेंगे

■ इसराना उपमंडल में इसराना तहसील और मतलौडा तहसील के करीब 50 गांवों को शामिल किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इसराना



पानीपत। एसडीएम ज्योति मित्तल का स्वागत करते हुए सरपंच एसोशिएशन के पदाधिकारी।

करीब डेढ़ साल बाद इसराना उपमंडल के ग्रामीणों को इसराना में एसडीएम के बैठनें का इंतजार अब समाप्त हो गया है। इसराना की नई उपमंडल अधिकारी ज्योति मित्तल का कार्यालय इसराना का सिंचाई विश्राम गृह में बनाया गया है। एसडीएम ज्योति मित्तल ने बताया कि इसराना उपमंडल में इसराना तहसील और मतलौडा तहसील के करीब 50 गांवों को शामिल किया गया है। मेरी पहली प्राथमिकता उपमंडल से सम्बंधित ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करना है। धीरे-धीरे सभी उपमंडल स्तर तक के विभाग अपना अपना काम करना शुरू कर देंगे। जल्दी ही गाडियों का रजिस्ट्रेशन भी शुरू हो जाएगा। वहीं एसडीएम ज्योति मित्तल का स्वागत करने के लिए जिला सरपंच एसोशिएशन के जिला अध्यक्ष राजेश लाकडपाड, ब्लाक प्रधान मा. सुमेर घनघस, परढाना के सरपंच संजीत कुमार, राकेश कुमार नंबरदार आदि मौजूद थे।

# एनएसएस के स्वयंसेवी विद्यार्थियों ने जरूरतमंदों की सेवा का संकल्प लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। आर्य कॉलेज के एनएसएस के स्वयंसेवी विद्यार्थी प्रसन्न मुद्रा में।

आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा विकसित भारत युवाओं की आवाज विषय पर गांव नांगलखेड़ी में आयोजित शिविर का समापन हो गया। एनएसएस प्रभारी प्रो. विवेक गुप्ता ने कहा कि होली प्यार और सदभावना का त्यौहार है। हमें आपसी मतभेद भुलाकर मिलजुल कर यह त्यौहार मनाना चाहिए। स्वयंसेवकों ने फूलों और अबीर गुलाल से होली खेल प्रेम का संदेश फैलाया। शिविर के सातवें और अंतिम दिन की शुरूआत प्रतिदिन की भांति योगाभ्यास से हुई। स्वयंसेवकों ने प्राणायाम एवं योग आसान किए। प्रातःकालीन सत्र में प्रश्ननोत्री का आयोजन किया गया। प्रश्ननोत्री में डॉ. मनीषा डुडेजा ने एनएसएस, सामान्य ज्ञान, विज्ञान, कंप्यूटर, खेलकूद इत्यादि से प्रश्न पूछे। हर स्वयंसेवी विद्यार्थी ने देश, समाज, मानवता की सेवा करने का संकल्प लिया। सायंकालीन सत्र में समापन समारोह का आयोजन किया गया।



उपायुक्त कार्यालय के सामने रूस व्यक्त करते राजपूत समाज के लोग।

# उपायुक्त कार्यालय पर राजपूत समाज के लोगों ने किया रोष व्यक्त

**कुरुक्षेत्र।** क्षत्रिय संघर्ष समिति की अगवाई में राजपूत समाज के लोगों ने उपायुक्त कार्यालय पर प्रिंसिपल व अन्य लोगों के खिलाफ धारा 420 में मामला दर्ज ने किए जाने को लेकर रोष व्यक्त किया और अतिरिक्त उपायुक्त प्रशासक क्षत्रिय सभा को ज्ञापन सौंपा। क्षत्रिय संघर्ष समिति संयोजक मोहन सिंह राणा व तिलकराज राणा ने बताया कि उन्होंने प्रशासक को सौंपे ज्ञापन में लिखा गया है कि क्षत्रिय सभा पर प्रशासक नियुक्त होने के बावजूद समाज का एक व्यक्ति जोकि प्राचार्य व स्कूल अधीक्षक के साथ मिलीभक्त करके नियमों के विपरीत भंग हो चुकी शिक्षा समिति की लेटर पैड का प्रयोग कर पैसा खर्च करने संबंधी रेजुलेशन डालकर तीनों स्कूलों की प्रिंसिपल को पैसा निकलवाने का अधिकार देकर समाज की संपत्ति और पैसे का दुरुपयोग कर रहा है। वह व्यक्ति खुद को स्कूल का प्रबंधन बताता है जबकि क्षत्रिय सभा समिति का कार्यकाल 2 साल से भी अधिक समय पहले समाप्त हो चुका है।

**कार्यक्रम** पाइट में नारी सशक्तीकरण पर राष्ट्रीय स्तरीय कांफ्रेंस का आयोजन हुआ

# अवसर मिलने से हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है नारी : तायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। पाइट में विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए प्रो.अखिलेश मिश्रा व शुभम तायल।

नारी सशक्तीकरण पर यहां पाइट कॉलेज में नेशनल केस स्टडी कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। 11 राज्यों के 25 इंस्टीट्यूट से 45 टीमों ने इसमें भाग लिया। नारी सशक्तीकरण पर चर्चा करते हुए बोर्ड सदस्य शुभम तायल ने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में आगे निकल रही हैं। कारपोरेट में महिलाएं अपनी प्रतिभा से कंपनियों को आगे ले जा रही हैं। देश के विकास में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि हर परिवार को अपनी बेटियों को शिक्षित करना चाहिए और उन्हें विकास के अवसर उपलब्ध कराने चाहिए। उन्होंने दावा किया कि परिजनों द्वारा अवसर मिलने के चलते ही नारी शक्ति हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही है, भविष्य में और अधिक सुखद परिणाम मिलेंगे। उन्होंने कहा कि अभिभावक व परिजनों को हमेशा बेटियों का मनोबल बढ़ाना चाहिए, बेटी है, कमजोर है, दूसरे के घर जाना है, क्या करेगी पढ़ लिख कर, बेचारी आदि शब्दों का प्रयोग नहीं करना चाहिए। कांफ्रेंस में प्रो.सुरेश बेदी, फरहीन, शिप्रा कुकरेजा, भूमिका खुराना, एमबीए विभाग के अध्यक्ष प्रो.अखिलेश मिश्रा व डॉ.अंजू ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। मुंबई के नमन जैन और आइआइटी मद्रास की श्रणया को ऑनलाइन मोड में पहला पुरस्कार मिला। ऑफलाइन मोड में मंजू बाला व पाइट की मानसी गुप्ता ने पहला इनाम जीता।

**खबर संक्षेप**

### दूसरा आरोपी भी किया गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज अवैध हथियार रखने के मामले में पुलिस ने आरोपी शिवनाथ उर्फ दीपू को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पहले गिरफ्तार आरोपी अमन ने दौराने रिमांड बतलाया था कि शिवनाथ उर्फ दीपू भी इस मामले में संलिप्त है। 25 मार्च 2024 को सीआईए-शहजादपुर ने सूचना के आधार पर अंबाला चौक से आरोपी अमन को काबू किया था। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से अवैध हथियार जब्त किया था।

### लूट के मामले में दूसरा आरोपी शामिल जांच

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज लूट के मामले में पुलिस ने आरोपी रवि को शामिल जांच किया है। इस मामले में पहले गिरफ्तार आरोपी रणबीर सिंह ने बतलाया कि रवि भी इस मामले में संलिप्त है। शिकायतकर्ता होशियार सिंह ने 12 मार्च 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपियों ने बंदूक की नोक पर उसके पोल्ट्री फार्म से पिक-अप गाड़ी में एक बड़ी कीमत के मुर्गे लोड करके ले गए है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जिम्मेवारी सीआईए स्टाफ 2 को दी थी।

### दहेज उत्पीड़न के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बराड़ा में दर्ज दहेज उत्पीड़न के मामले में पुलिस ने आरोपी विकास कुमार को गिरफ्तार किया है। पीड़ित महिला ने 26 जनवरी 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 25 मई 2013 विवाह के समय से ही उसके ससुराल पक्ष के लोग अधिक दहेज की मांग हेतु उसे प्रताड़ित कर जान से मारने की धमकी देते आ रहे हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### धमकी देने के मामले में आरोपी शामिल जांच

**अंबाला।** थाना पंजोखरा में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी कुलदीप कुमार व रितिक को शामिल जांच किया है। टुंडला के रणधीर सिंह ने 7 नवंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 6 नवंबर 2023 को आरोपी कुलदीप कुमार व अन्य ने उससे मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

# हजारों लोगों ने नम आंखों से कृष्णा दीदी को दी विदाई

## पूर्व गृहमंत्री विज बोले श्रेष्ठ कर्मों के निशान छोड़ गई दीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी कृष्णा दीदी का बुधवार को अंबाला छावनी के रामबाग में अंतिम संस्कार किया। पूरे शहर के अंदर से उनकी अंतिम यात्रा को निकाला गया। मंगलवार दोपहर 12.30 बजे कृष्णा दीदी ने 7 वर्ष की आयु में अपने शरीर को त्याग दिया था। कृष्णा दीदी लौकिक रूप से श्री हरगोविंदपुर पंजाब से निकल ब्रह्माकुमारिज के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू तक पहुंचने वाली उन विशेष कन्याओं में से एक थी। परमात्मा के प्रति दृढ़ निश्चय के कारण अपने प्रारंभिक दिनों में समाज तथा लौकिक परिवार से बहुत संघर्ष सहन किया। अपनी छोटी आयु में ही परमात्मा की बताई हुई युक्तियों को अपनाते स्वयं को बंधन मुक्त किया। पंजाब और हिमाचल के कई स्थानों पर सेवाएं देते दीदी ने माउंट आबू के म्यूजियम में भी अपनी अथक सेवाएं दी। 1974 से अंबाला में अपनी ईश्वरीय सेवाएं देते अनेकों आत्माओं का जीवन परिवर्तन किया। उनकी सेवाओं से कई आत्माओं को ब्रह्माकुमारीज संस्थान के वारिस-गुणवत्ता वाले, अच्छे, सेवा योग्य ब्राह्मण बच्चे बनने के लिए पोषित किया है। ईश्वरीय यज्ञ के ईमानदार वफादार, छोटी मूर्ति में परमात्मा की अति लाडली महान मूर्ति ऐसी अति राजयोगिनी तपस्वीनी कृष्णा दीदी जी को न केवल पूरा ब्राह्मण परिवार बल्कि आम जन मानस सादर श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु पहुंचे। कृष्णा दीदी के पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए सुबह 11 बजे* दयाल बाग सेंटर से आरंभ हो पम्मी कॉटेज ब्रह्मकुमारी राजयोग केंद्र होते गीता गोपाल चौक से होते सब्ज़ी मंडी राजयोग केंद्र होते हुए रामबाग में एक भव्य अंतिम यात्रा द्वारा ले जाया गया।

अंतिम यात्रा में अनेकों शहर वासियों ने शिरकत करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व गृहमंत्री अनिल विज अनिल विज ने कहा लोगों के जीवन में ज्ञान जागृत करने वाली कृष्णा बहन हमारे बीच से जा रही हैं परंतु अपने द्वारा किए गए श्रेष्ठ कर्मों के निशान छोड़ कर जा रही है। इन निशानों पर चलकर ही अपने जीवन को सार्थक किया जा सकता है। ऐसी महान विभूतियां प्रभु कृपा से ही इस धरती पर आती है। उन्होंने कहा मुझे बहुत बार बहन जी को सुनने का मौका मिला ऐसा महसूस किया जैसे कोई हिमालय की ठंडी हवाएं। उन्होंने कहा मेरी माता भी उनको सुनने के लिए जाया करती थी। उनकी वाणी ऐसी थी की मन कितना ही उत्तेजित क्यों न रहा हो उनकी वाणी मन को शांत कर देती थी। भटिंडा से कैलाश दीदी, फिरोजपुर से राज दीदी, कैथल से पुष्पा दीदी, मोहाली से प्रेम दीदी, धनास से लाज दीदी, झांसा से संगीता दीदी, करनाल से निर्मल दीदी, पटियाला से शांता दीदी, सहारनपुर से रानी बहन, अंबाला शहर से दिव्या दीदी, मीरा दीदी शिवानी दीदी और वीना दीदी, राजपुरा से गीता दीदी, दिल्ली से रीना बहन, माउंट आबू से मनी भाई, जय कुमार भाई, राजेश भाई, करण भाई और पानीपत से भारत भूषण भाई एवम और भी कहीं अन्य भाई बहनोंक के साथ जानी मानी हस्तियों ने भी कृष्णा दीदी को नम आंखों से विदाई दी।



अंबाला। कृष्णा दीदी को श्रद्धांजलि अर्पित करती बीके बहनें।

### ब्रांड की बियर न मिलने पर हुआ झगड़ा

**अंबाला।** होली के दिन शराब ठेके पर बियर नहीं मिली तो युवकों ने सेल्समैन पर हमला बोल दिया। बीच-बचाव करने आए ठेके के हिस्सेदार और एक ग्राहक को भी नहीं छोड़ा। बदमाशों ने डंडे-बिंडों के साथ हमला करते हुए सिर में कांच की बोतल भी मारी। जब पुलिस को सूचना दी तो हमलावर जान से मारने की धमकी देने के बाद फरार हो गए। घटना गांव मनका शराब ठेके की है। यमुनानगर के गांव तलाकौर (छप्पर) के राहुल ने बताया कि वह शराब ठेका मनका पर बतौर सेल्समैन नौकरी करता है। उसके साथ मनका-मनकी के पास संगम ढाबा के सामने शराब ठेके पर गांव गुहना (कैथल) का तेजपाल भी सेल्समैन है। यह शराब का ठेका विजेंद्र सैनी का है। राहुल ने बताया कि होली के दिन शाम 7 बजे गांव खान अहमदपुर का बावा अपने 6 साथियों के साथ स्कॉर्पियो गाड़ी और गांव मिल्क का अंबे बाइक पर आया था। बावा ने एक ब्रांड की बियर मांगी, उसने कहा कि हमारे पास यह ब्रांड नहीं है। इतना सुनते ही बावा तैश में आ गया और मां-बहन की गालियां देने लगा। कहने लगा कि जब तुम्हारे पास सामान नहीं है तो ठेके को ताला लगा दो। जब उसने विरोध किया तो बावा ने अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट करनी शुरू कर दी। बीच-बचाव करने आए सौरभ सैनी व रोहित के साथ भी हमलावरों ने मारपीट की।

- युवकों ने सेल्समैन के सिर पर कांच की बोतल मारी

### मतदान के दिन सारे काम छोड़कर वोट डालने जरूर जाएं

# महिला चौपाल में वोट के महत्व के बारे में दी जानकारी

अरविंदर कौर ने महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी व पोषाहार बारे जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

लोकसभा आम चुनाव-2024 में मतदान के लिए महिला मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश से प्रशासन द्वारा जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसके तहत महिला चौपाल का आयोजन किया गया। सभी से अपील कि गई सारे काम छोडक़र वोट डालने जरूर जाए। गांव जटवाड़ तथा फतेहगढ़ में महिला चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सर्कल सुपरवाइजर अरविंदर कौर द्वारा महिलाओं को मतदान के प्रति जानकारी देते हुए आह्वान किया गया की वे बिना किसी डर/भय या दबाव के अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग करे।

इस दौरान लोकसभा चुनाव में मतदान करने से संबंधित शपथ भी दिलाई गई। महिलाओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गाया तथा बताया गया कि लोकसभा आम चुनाव में हरियाणा में 25 मई को मतदान होगा और उस दिन सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करे।

सर्किल सुपरवाइजर अरविंदर कौर द्वारा महिलाओं को कहा गया कि कुछ महिलाएं किसी संकोच वश या घर के काम के चलते वोट डालने नही जाती, जबकि वोट डालना उनके लिए बेहद जरूरी हैं। इस दौरान महिलाओं को साइबर क्राइम बारे जानकारी दी गई। इस अवसर पर पब्लिक हेल्थ विभाग से आये कर्मचारी इकबाल द्वारा जल संरक्षण बारे जानकारी दी गई। अरविंदर कौर द्वारा महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी व पोषाहार बारे जानकारी भी दी गई। महिला चौपाल में गांव जटवाड़ में महिलाओं की मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा गांव फतेहगढ़ में मतदान पर स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे किशोरी लड़कियों व महिलाओं ने भाग लिया। पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर आने वाली प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। इस दौरान गांव के सरपंच, महिला पंच, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका तथा गांव की महिलाएं उपस्थित रहीं।




शहजादपुर। महिला चौपाल के दौरान मौजूद महिलाएं।

# उत्पीड़न से तंग आकर विवाहिता ने लगाया फंदा

- पति ने विवाहिता को घर जाने की धमकी दी, कहा नहीं गई तो गले में जूतियों का हार पहनाकर गांव में घुमाउंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

एक विवाहिता ने पंखे पर चुन्नी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। आरोप है कि उसके पति ने धमकी दी थी कि अगर वह घर नहीं गई तो वह जूतियों का हार डालकर गांव में जलील कर देगा। विवाहिता 2 बच्चों की मां थी। उसकी पहचान नारायणगढ़ के गांव टोका के बलविंदर कुमारी के रूप में हुई है।पिता ने अपने दामाद पर बेटी को प्रताड़ित करने और आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया है। मोहाली के गांव मियांपुर के बरखा राम ने बताया कि उनकी एक बेटी और 2 बेटे हैं। बेटी ब ल विं द र कुमारी की नवंबर 2012 को गांव टोका के अनिल कुमार के साथ शादी हुई थी। शादी के बाद बेटी को भी एक बेटा और एक बेटी हुई। उनका दामाद अनिल कुमार सीआरपीएफ में गोवाहटी में तैनात है। उसने बताया कि उनकी बेटी के दोनों बच्चे हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर के अकाल तख्त अकादमी बड़ू साहिब के होस्टल में रहते हैं। पहले पंचकूला के रायपुर रानी के डाकरा साहिब स्कूल में पढ़ते थे। बरखा राम ने बताया कि कुछ दिन पहले उनके दामाद और बेटी के बीच झगड़ा हो गया। तब दामाद ने उन्हें (बरखा राम) कॉल कर कहा था कि आप 3-4 लोग लेकर गांव टोका में आ जाओ। इसके बाद लोग उनके घर पर गए और पति-पत्नी में आपसी सहमति से समझौता करा दिया था। उसने बताया तब से सब ठीक ही चल रहा था। हालांकि इसके बाद भी छोटे-मोटे झगड़े लगे रहते थे। मंगलवार शाम को उनकी बेटी का फोन आया। उसने फोन पर बताया कि वह बहुत परेशान है। उसका पति उसे फोन कर गाली-गलौज कर रहा है।विवाहिता ने अपने पिता को फोन पर बताया कि अनिल ने उसे फोन किया। उसने खूब गालियां दीं। इसके बाद उसने कहा कि वह अपने घर चली जाए। उसने धमकी भी दी कि अगर ऐसा नहीं किया तो वह उसके गले में जूतियों से बना हार डालकर पूरे गांव में जलील करेगा। बरखा राम ने बताया कि उनकी बेटी अपने पति के ऐसे रवैये से परेशान थी।



नारायणगढ़। आत्महत्या करने वाली विवाहिता की फाइल फोटो।

# सहारनपुर से चंडीगढ़ तक पैंसेजर ट्रेन की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

- दैनिक यात्रियों को खाने पड़ रहे हैं धक्के

दैनिक रेल यात्रियों ने रेल मंत्री से चंडीगढ़ से सहारनपुर तक सीधी पैंसेजर ट्रेन चलाने की मांग की है। दैनिक रेल यात्रियों मनोज, शंटी, शिव कुमार, बलजिन्द्र कुमार, आशू व पवन का कहना है कि पिछले लगभग 20 सालों से दैनिक रेल यात्री सहारनपुर-चंडीगढ़ तक सीधी पैंसेजर ट्रेन चलाने की मांग कर रहे है लेकिन अभी तक भी सहारनपुर से चंडीगढ़ तक सीधी कोई भी पैसेंजर ट्रेन की सुविधा लोगों को नहीं मिल पाई है। बता दें कि सुबह के समय प्रतिदिन सहारनपुर से बड़ी संख्या में दैनिक यात्री जिसमें बड़ी तादाद में बुजुर्ग, बीमार व महिलाएं ट्रेन में चंडीगढ़ पीजीआई में जाते है और शाम को वापिस लौटते है। सहारनपुर से चंडीगढ़ तक सीधी कोई भी पैंसेजर ट्रेन न होने के कारण उन्हें अंबाला पहुंचकर दूसरी ट्रेन बदलनी पड़ती है। ऐसे में चंडीगढ़ पीजीआई में जाने वाले मरीजों को एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म तक ट्रेन पकडऩे के लिए चक्कर काटने को मजबूर होना पड़ता है। कई बार तो एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म तक जाने से पहले ही चंडीगढ़ जाने वाली ट्रेन निकल जाती है। ऐसे में चंडीगढ़ पीजीआई या दैनिक यात्रियों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है इसलिए लोगों ने रेलवे से मांग की है कि सुबह के समय सहारनपुर से चंडीगढ़ जाने के लिए सीधी पैंसेजर ट्रेन चलाई जाए जिससे पीजीआई में जाने वाले व अन्य दैनिक यात्रियों को सुविधा मिल सके। यहीं ट्रेन शाम को वापिसी में सहारनपुर की ओर भेजी जाए।



अंबाला। राज्यमंत्री असीम गोयल का अभिनंदन करते स्कूल संचालक व अन्य।

### स्कूलों के प्रतिनिधियों ने राज्यमंत्री का किया अभिनंदन

**अंबाला।** कई स्कूलों के प्रिंसिपल, संचालक व प्रतिनिधियों ने बुधवार को मंत्री असीम गोयल को शुभकामनाएं दी। गोयल ने अपने निवास पर सभी शिक्षाविदों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। स्कूल प्रतिनिधियों ने भी पुष्पगुच्छ देकर मंत्री असीम गोयल से मुलाकात की। इस दौरान मंत्री असीम गोयल ने सभी के साथ बैठकर स्कूलों के विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की और अपने मंत्रालय महिला एवं बाल विकास के मद्देनजर शिक्षाविदों से गहन विचार विमर्श भी किया साथ ही अंबाला शहर के अर्चक मंडल के सभी ब्राह्मण पंडित भी राज्यमंत्री को शुभकामनाएं देने पहुंचे। हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के पदाधिकारियों के साथ शहर की कई सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के लोगों ने भी राज्यमंत्री असीम गोयल से मिल उन्हें राज्यमंत्री बनने पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

# सदर क्षेत्र की रजिस्ट्री बंद होने से जनता परेशान

- कांग्रेस ने प्रदेश सरकार पर बोला हमला
- कांग्रेस नेत्री चित्रा बोली बिना किसी अधिकारिक आदेश के प्रशासन ने बंद की रजिस्ट्रियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी के डेहा कॉलोनी में घर घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान की शुरुवात की।इस अवसर पर पूर्व डिप्टी मेयर सुधीर जायसवाल,टपरीवास जाति के प्रधान कंवलजीत व उपप्रधान नरेश कुमार व यादव समाज के प्रधान करण यादव भी साथ मौजूद रहे।

इस अवसर पर हरियाणा की भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए चित्रा सरवारा ने कहा की बिना किसी आधिकारिक आदेश से सदर क्षेत्र की रजिस्ट्री बंद क्यों है। चित्रा ने कहा की छावनी में सदर क्षेत्र की रजिस्ट्री काफी समय से बंद पड़ी है। जनता थक हार कर बहुत परेशान हो चुकी है क्योंकि शहर की सम्पत्ति की खरीद फरोख्त में जनता के करोड़ों रुपए फंस जाते हैं। रजिस्ट्री न होने की स्थिति में आपसी विवाद होने की प्रबल संभावना रहती है। जब इस संबंध में एक स्थानीय नेता द्वारा आरटीआई लगा कर पूछा गया की सदर क्षेत्र के रजिस्ट्री बंद करने के लिए कोई आदेश जारी किया गया है तो उस आदेश प्राप्त सूचना से स्पष्ट हो गया की छावनी सदर क्षेत्र की रजिस्ट्री बंद नहीं है।

प्रश्न यह उठना स्वभाविक है की अगर सदर की रजिस्ट्री सरकार की और से बंद नहीं है तो किसके आदेश से और क्यों रजिस्ट्री बंद की गई है? चित्रा ने कहा की हाल ही में सरकार ने नगर परिषद के किराएदारों व सरकारी जमीन पर अवैध कब्जाधारियों को, जो की पिछले 20 वर्षों से नगर परिषद के किराएदार है। सरकारी जमीन पर अवैध कब्जाधारी हैं मालिकाना हक दिया है। छावनी का आमजन सरकार से व प्रशासन से यही प्रश्न पूछ रहा है की एक तरफ सरकार किराएदारों व अवैध कब्जाधारियों को मालिकाना हक देकर उन्हें राहत प्रदान कर रही है। दूसरी और चित्रा ने कहा की जो लोग बंटवारे के समय अपनी जमीने छोड़कर (प्रेसिडेंट रूल) में भारत आए थे और जिन्होंने अपनी जमीने वहाँ छोड़कर भारत सरकार को पूरी कीमत देकर जमीन खरीदी थी,आज उनकी जमीन जायदाद की रजिस्ट्री भी नहीं हो रही। चित्रा सरवारा ने हरियाणा सरकार व जिला प्रशासन से मांग करते हुए कहा की सदर क्षेत्र की रजिस्ट्री पंजीकृत की जाए ताकि आमजन को राहत मिल सके।



अंबाला। डेहा कॉलोनी में महिलाओं से मुलाकात करती कांग्रेस नेत्री चित्रा सरवारा।



# स्कूली छात्रों को चैट जीपीटी व ड्रोन टैक्नोलॉजी से करवाया अवगत

**बराड़ा।** गांव उगाला में स्थित पीएम श्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एक्सपर्ट टॉक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें अंबाला कॉलेज आफ इंजीनियरिंग एंड अप्लाइड रिसर्च, मिठ्ठापुर से प्रो. मनोहर लाल शर्मा मुख्य वक्ता के रूप मे उपस्थित हुए। इनका स्कूल में पहुंचने पर प्रिंसिपल जगदीश मेहरा ने स्वागत किया। प्राचार्य जगदीश मेहरा ने बताया प्रोफेसर मनोहर लाल शर्मा कॉलेज में सीईओ ईपीआईसी टीबीआई के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने जीवन में टेक्नोलॉजी के महत्व से विद्यथार्थियो को अवगत करवाया। प्रो. मनोहर लाल शर्मा ने बच्चों को चैट जीपीटी, एआई तथा ड्रोन टेक्नोलॉजी के बारे में उनके प्रश्नोतरी परीक्षा तथा मॉडल मेकिंग गतिविधियां करवाई तथा बाद में ज्ञानवर्धन किया। इस कार्यक्रम के संयोजक राहुल सिंगला ,पूजा शर्मा ,अमरजीत कौर, लक्ष्मी और भारती बंसल थे तथा इस दौरान अन्य अध्यापक गण भी उपस्थित रहे।

# धोखाधड़ी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साइबर क्राइम में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी अनवरथीन व मोहमद आलम को गिरफ्तार किया है। अब आरोपियों को आठ दिन के रिमांड पर लिया गया है। इस मामले में पहले गिरफ्तार आरोपी तेजपाल ने दौराने रिमांड बतलाया कि अनवरथीन व मोहमद आलम भी इस मामले में संलिप्त है। अग्रसेन नगर के ओम प्रकाश ने 1 फरवरी 2024 को थाना साइबर क्राइम शिकायत दर्ज करवाई थी कि 20 दिसंबर 2023 से 10 जनवरी 2024 के दौरान किसी आरोपी ने उसके पैसे आनॅलाइन निवेश करवाने मे मामले में उससे एक बड़ी रकम धोखाधडी से हड़पने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से शुरू हुई कथा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लिया हिस्सा

# अधर्म व अंहकार का प्रकोप बढ़ने पर विष्णु लेते हैं अवतार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

जब-जब भी धरती माता पर अधर्म और अहंकार का प्रकोप बढ़ता है तब तब भगवान विष्णु अवतरित होते हैं और अधर्मियों का सर्वनाश करते हैं। भगवान निश्चित समय पर आकर प्रमाण को दिखाते हैं। इसलिए कहा गया है कि ''भगवान के घर में देर है अंधेर नहीं। उपरोक्त शब्द दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के सौजन्य से सर्वश्री आशुतोष महाराज की परम शिष्या साध्वी सुश्री प्रवीणा भारती ने उपस्थित श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि जब धरती माता पर राक्षस प्रजाति उत्पात मचा रही थी तब धरती माता और गौ माता भगवान भोले शंकर के पास पहुंचे। राक्षसों के प्रकोप से अपनी सुरक्षा करने को कहा। तब भगवान शंकर ने देवताओं को एकत्रित कर समाधान करने को कहा जहां पर वे सभी ब्रह्मा, विष्णु के दरबार पहुंचे। सभी देवी देवताओं ने धरती माता की सुरक्षा करने की गुहार लगाई । जहां पर भगवान विष्णु ने सभी को स्वयं धरती पर मनुष्य रूप में जन्म लेने का आश्वासन दिया ।इसके बाद सूर्यवंशी राजा दशरथ के यहां माता कौशल्या के गर्भ से भगवान श्री राम ने जन्म लिया। प्रभु श्रीराम भगवान विष्णु के सातवें अवतार थे जिन्हें मानव रूप में पूजे जाने वाले सबसे पुराने देवता मानते हैं । भगवान श्री राम का जन्म त्रेता युग में हुआ था। भगवान श्रीराम का जन्म ईश्वाकु वंश में हुआ था जिसकी स्थापना सूर्य के पुत्र राजा इश्वाक ने की थी। इसलिए भगवान श्री राम को रघुवंशी भी कहा जाता है।रामचरितमानस में लिखा गया है की माता सीता ने हनुमान को आशीर्वाद दिया था। उन्होंने कहा कि तुम अजर, अमर और गुण निधि हो। और रघुनायक के प्रेम के पात्र रहोगे, तो हनुमान जी प्रत्येक युग में सदा चिरंजीवी रहेगें। और त्रेता युग में हनुमान जी ने श्री राम की मदद की और द्वापर युग में हनुमान जी ने भगवान श्री कृष्ण की आज्ञा से अर्जुन के रथ का बचाव किया।



नारायणगढ़। कथा सुनाती प्रवीणा भारती व मौजूद श्रद्धालु।